अमर उजाला 13/09/2022

# रिडीमर चर्च के पास लगाए पौधे



**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने सोमवार को पौधारोपण अभियान चलाया। इसके तहत उन्होंने रिडीमर चर्च के आसपास के क्षेत्र में करीब 70 पौधे लगाए। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। जीएमएन कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने ये कार्यक्रम ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया के अंतर्गत आयोजित किया। इस दौरान एनसीसी गर्ल्स के नए कैडेट का चयन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में एक हरियाणा बटालियन के सीईओ कर्नल संजीव कुमार और एडम अफसर मेजर नीलम कौर, कैडेट विंग के इंचार्ज कैप्टन एसएस नैन और इंचार्ज डॉ. अनुपमा सिहाग मौजूद रहे। संवाद